भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2482

जिसका उत्तर 22.03.2023 को दिया जाना है

एनएचडीपी के अंतर्गत राज्य राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित किया जाना

2482. श्री प्रमोद तिवारी:

डा. किरोड़ी लाल मीणा:

श्री एम.मोहम्मद अब्दुल्ला:

श्री नीरज डांगी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विभिन्न राज्य राजमार्गों (एसएच) को राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) में परिवर्तित/उन्नयन करने के लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं;

(ख) राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु राज्यों सहित देश में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (एनएचडीपी) के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में उन्नयन करने के लिए चिह्नित किए गए राज्य राजमार्गों का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में अब तक राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना के अंतर्गत जिन राज्य राजमार्गों का राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में उन्नयन किया गया हैं उनकी राज्य-वार और जिला-वार संख्या कितनी है; और

(घ) देश में ऐसी लंबित परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और परियोजना-वार इन लंबित परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) राज्य राजमार्गों (एसएच) सहित, राज्य सड़कों को समय-समय पर सुस्थापित सिद्धांतों के आधार पर नए राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के रूप में घोषित किया जाता है। नए राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषणा के लिए राज्य की सड़कों के मानदंड में निम्नलिखित में कुछ शामिल हो सकते हैं:-

i. देश के कोने-कोने से गुजरने वाली सड़कें।

ii. निकटवर्ती देशों, राष्ट्रीय राजधानियों को राज्यों की राजधानियों से जोड़ना / पारस्परिक रूप से राज्य की राजधानियों, प्रमुख बंदरगाहों, गैर-प्रमुख बंदरगाहों, बड़े औद्योगिक केंद्रों या पर्यटन केंद्रों को जोड़ना।

iii. पहाड़ी और अलग-थलग क्षेत्रों में महत्वपूर्ण रणनीतिक आवश्यकता वाली सड़कें।

iv. मुख्य सड़कें जो यात्रा दूरी में काफी कमी लाती हैं और पर्याप्त आर्थिक विकास हासिल करती हैं।

v. सड़कें जो पिछड़े क्षेत्र और पहाड़ी क्षेत्र के बड़े इलाकों तक पहुंच को सुगम बनाती हैं।
vi. 100 किमी के राष्ट्रीय राजमार्ग ग्रिड की उपलब्धि में योगदान देने वाली सड़कें।
vii. प्रधान मंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ तालमेल।

(ख) से (घ) मंत्रालय को राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु की राज्य सरकारों सहित विभिन्न राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों (यूटी) से एसएच सहित राज्य की सड़कों की, नए राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषणा/उन्नयन के लिए प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। मंत्रालय समय-समय पर संपर्कता की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर एसएच सहित कुछ राज्य सड़कों को एनएच के रूप में घोषित करने पर विचार करता है।

राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। यातायात घनत्व, सड़क की स्थिति, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के अनुसार अधिसूचित राष्ट्रीय राजमार्गों पर काम किया जाता है।

राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (एनएचडीपी) को भारतमाला परियोजना (बीएमपी) के चरण-1 में शामिल किया गया है। बीएमपी के चरण-I के 2027-2028 तक पूरा होने की संभावना है। अप्रैल, 2014 से बीएमपी सहित सामान्य रूप से और राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु राज्यों सहित, विशेष रूप से बीएमपी के तहत एनएच के रूप में अधिसूचित एसएच सहित राज्य की सड़कों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण संलग्न है।

अनुबंध

" एनएचडीपी के अंतर्गत राज्य राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित किया जाना" के संबंध में श्री प्रमोद तिवारी, डा. किरोड़ी लाल मीणा, श्री एम.मोहम्मद अब्दुल्ला, श्री नीरज डांगी द्वारा पूछे गए दिनांक 22.03.2023 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2482 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित **अनुबंध**।

अप्रैल, 2014 से बीएमपी सहित सामान्य रूप से और राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु राज्यों सहित, विशेष रूप से बीएमपी के तहत एनएच के रूप में अधिसूचित एसएच सहित राज्य की सड़कों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण संलग्न।

			लंबाई किमी में
क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**बीएमपी के तहत अप्रैल, 2014 से एनएच के रूप में अधिसूचित एसएच सहित राज्य की सड़कों की लंबाई**	**बीएमपी के तहत एनएच के रूप में अधिसूचित एसएच सहित राज्य की सड़कों की लंबाई**
1	आंध्र प्रदेश	4,451	2,280
2	अरुणाचल प्रदेश	2,481	0
3	असम	277	168
4	बिहार	1,393	723
5	छतीसगढ	474	305
6	दिल्ली	86	72
7	गोवा	37	37
8	गुजरात	3,588	1,102
9	हरियाणा	1,349	711
10	हिमाचल प्रदेश	246	0
11	जम्मू और कश्मीर	518	208
12	झारखंड	748	151
13	कर्नाटक	2,186	1,097
14	केरल	97	76
15	लद्दाख	80	0
16	मध्य प्रदेश	3,825	1,144
17	महाराष्ट्र	1,2124	1,363
18	मणिपुर	347	90
19	मिजोरम	321	0

			लंबाई किमी में
क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**बीएमपी के तहत अप्रैल, 2014 से एनएच के रूप में अधिसूचित एसएच सहित राज्य की सड़कों की लंबाई**	**बीएमपी के तहत एनएच के रूप में अधिसूचित एसएच सहित राज्य की सड़कों की लंबाई**
20	नगालैंड	339	107
21	ओडिशा	1,234	1,007
22	पुदुचेरी	37	0
23	पंजाब	2,361	1,356
24	राजस्थान	2,932	2,682
25	सिक्किम	570	246
26	तमिलनाडु	2,102	1,674
27	तेलंगाना	2,497	1,130
28	त्रिपुरा	264	0
29	उत्तर प्रदेश	4,533	710
30	उत्तराखंड	1,147	682
31	पश्चिम बंगाल	655	598
32	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	6	6

*****